शाहपुर से युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मयंक वर्मा ने पूर्व सीएम 3

सदैव सच के साथ...

बैतूल एक्सप्रेस

Betul Express

8989507693

Digital Editions

Title Code- MPHIN37586

दैनिक बैतूल एक्सप्रेस में
सभी प्रकार के विज्ञापन फिक्स रेट पर प्रकाशित किए जाते है। कोर्ट नोटिस, खोया पाया, नाम परिवर्तन, खरीदी -बिक्री इश्तहार के प्रकाशन के लिए संपर्क करे।
मोहित पंवार
प्रकाशक/ संपादक दैनिक बैतूल एक्सप्रेस नागदेव मंदिर के पास मालवीय वार्ड खंजनपुर बैतूल
70009 79119

वर्ष: 2 | अंक: 264 | पृष्ठ: 4 | मूल्य: 2 रुपए | भोपाल, शुक्रवार 15 दिसम्बर 2023 | Email- betulexpress@gmail.com

डॉ. इन्दु राव

बुधवार 13 दिसम्बर 2023
पूर्णिमांत माह - मार्गशीर्ष
अमावस्यांत माह - कार्तिक
पक्ष - कृष्ण पक्ष
तिथि - अमावस्या (29-00-58+)
नक्षत्र - अनुराधा (11-55-42)
योग - धृति
विक्रम सम्वत - 2080 पिंगल
शक सम्वत - 1945 शोभकृत
युगाब्द - 5125
आयन - दक्षिणायन
ऋतु - हेमंत
सूर्योदय - 07-03
सूर्यास्त - 17-23
अभिजीत मुहूर्त - 11-52 से 12-33
राहुकाल - 14-48 से 16-05

बैतूल जिले के पंवारों का इतिहास एवं वर्तमान

लेखक शंकर पवार पत्रकार
संपादक स्वतंत्र अभिव्यक्त
मोबा-9479363679
बैतूल म.प्र.

नई पीढ़ी के लिये संग्रह योग्य यह एतिहासिक जानकारी ,इस अमूल्य धरोहर रूपी जानकारी का प्रिंट निकालकर उसे लेमिनेशन करके अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ इसे भी आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत के रूप में पवारो के इस इतिहास को सम्हालकर रखने की कृपा करें ।

अधिकांश इतिहासकारों के शोध अध्ययन के आधार पर प्रामाणिक जानकारी यह मिलती है कि, जब परशुराम ने पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन कर दिया था ,तब ऋषियों को बड़ी चिन्ता होने लगी, सभी ने मिलकर यह समस्या महर्षि वशिष्ठ के समक्ष रखी महर्षि वशिष्ठ ने राजस्थान के अर्बुदाचल पर्बत वर्तमान माउंट आबू में गोमुख पर स्थित वशिष्ठ आश्रम में अग्नि कुन्ड में यज्ञ किया इस अग्नि कुन्ड से चार क्षत्रिय उत्पन्न किये, इनमें से एक प्रमार था जो कालांतर में परमार और पंवार कहलाये । इसी आधार पर अग्नि वंशी पवार /परमार क्षत्रिय कहलाते हैं। हमारी जाति और वंश की मूल पहचान वंशावली लिखने वाले भाट,रावजी या बड़वाजी म, प्र, के बैतूल जिले में आते हैं ,और हमारे समाज की वंशावली में पीढी दर पीढ़ी बच्चों के तथा नई बहू के नाम लिखते हैं। यहां एक बात विशेष है, अंतर्जातीय विवाहों से आई नई बहुओं का नाम भाट की पोथी/वंशावली ग्रंथ में नहीं लिखा जाता। पवारो और परमारो के लिए बड़े गौरव की बात है कि हम अग्नि वंशी हैं ,हमारे वंश की उत्पत्ति कर्ता पुरूष ऋषियो में महान महर्षि वशिष्ठ हैं , परमार/पवार वंश में चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य, और राजा भोज हमारे महापुरूष हैं ।बैतूल जिले में भाट के मतानुसार पंवार समाज के पूर्वज लगभग विक्रम संवत 1141 में धारा नगरी धार से बैतूल आए थे। जिले में लगभग पंवारों के 200 गांव है। पंवारों की संख्या लाखों में है। बैतूल जिले के पंवार अग्निवंशी है, इनका गोत्र वशिष्ठ है, प्रशाखा प्रमर या प्रमार है।क्षत्रियों की शाखा में शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा। वेद यजुर्वेद है। कुल देवी माँ कालीका, ।कुल देवता, ईष्ट देवता भगवान शिव और सूर्य हैं । पूर्ण रूप से परमार (पंवार) राजपूत क्षत्रिय है। वेद में इन जातियों को राजन्य और मनुस्मृति में बाहुज, क्षत्रिय, राजपुत्र तथा राजपूत और ठाकुरों के नाम से संबोधित किया है। सभी लोग अपने भाट, रावजी, बड़वाजी (ये तीनों नाम अलग अलग एरिया में अलग अलग नाम से

जाने जाते हैं, बैतूल जिले में इन्हें भाट कहते हैं ।)इनसे अपने वास्तविक इतिहास की जानकारी अवश्य लें ताकि आने वाली पीढ़ी को भविष्य में यह पता रहे कि वे कौन से पंवार है उनका गोत्र क्या है? हमारे वंश के महापुरूष कौन है। जब मालवा धार से पंवार मुसलमानों से युद्ध करते हुए नर्मदा तट तक होशंगाबाद पहुंचे वहां उस समय कि परिस्थितियों के कारण सभी लोगों ने अपने जनेऊ उतारकार नर्मदा में डाल दिए थे। भाट लोगों के अनुसार ये सभी परमार शाकाहारी थे, मांस मदिरे का सेवन नहीं करते थे। वेदिक सोलह संस्कारों को अपनाते थे किंतु समय और विषम परिस्थितियों के कारण सेना के इस समूह की टुकडियां क्रमशः बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, भिलाई, दुर्ग तथा महाराष्ट्र के नागपुर, भंडारा गोंदिया, तुमसर, वर्धा, यवतमाल, अमरावती, बुलढाना आदि जिलों में जाकर बस गए। बैतूल और छिंदवाड़ा के पंवारों को उस समय यहां रहने वाली जातियों के लोगों ने अपनी बोली से भुईहर कहा जो अपभ्रंस होकर भोयर कहलाये। उस समय की भोगौलिक परिस्थिति तथा आर्थिक मजबूरियों के कारण ये समस्त पंवार अपने परिवार का पालन पोषण करने के चक्कर में अपने मूल रीति रिवाज और मूल संस्कार भूलते चले गए। सभी ओर क्षेत्रीय भाषा का प्रभाव बढ़ गया इसलिए इन सभी क्षेत्रों में वहां की स्थानीय भाषा का अंश पंवारों की भाषा में देखने में आता है किंतु आज भी पंवार समाज की मातृभाषा याने बोली में मालवी भाषा और राजस्थानी भाषा के अधिकांश शब्द मिलते है। सैकड़ों वर्षो के अंतराल के कारण लोगों ने अपने समाज में शादी विवाह के लिए अपनी लोकल टाइटल (पहचान) बना ली थी वो कालांतर में गोत्र के रूप में स्थापित हो गई। आज प्रचलित सरनेम को ही लोग अपना गोत्र मानते है जबकि गोत्र का अभिप्राय उत्पत्ति से है और सभी वर्ण के लोगों की उपत्ति किसी न किसी ऋषि के माध्यम से ही हुई है। हमें गर्व है कि हमारी उत्पत्ति अग्निकुंड से हुई है। और हमारे उत्पत्ति कर्ता ऋषियों में श्रेष्ठ महर्षि वशिष्ठ है, इसलिए हमारा गोत्र वशिष्ठ है।

बैतूल जिले के पंवार मूलतः कृषक है। अब युवा पीढ़ी के लोग उद्योग धंधे में तथा नौकरियों में आ रहे है। शिक्षा के अभाव के कारण यहां के पंवार समाज के अधिकांश लोग आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए है। इस समाज में पहले महिलाएं शिक्षित नहीं थी किंतु अब महिला तथा पुरूष दोनों ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन है। समाज के उच्च शिक्षित लोग सभी क्षेत्र में बड़े-बड़े महत्वपूर्ण पदों पर और विदेशों में भी समाज का गौरव बढ़ा रहे है। कृषक भी आधुनिक विकसित संसाधनों से उन्नत कृषि व्यवसाय में लगे हुए है।

बैतूल जिले के पंवारों के गांव की सूची

बैतूल क्षेत्र के गांव

1. बैतूल नगरीय क्षेत्र 2. बैतूलबाजार नगरीय क्षेत्र, 3. बडोरा 4. हमलापुर, 5. सोनाघाटी, 6. दनोरा, 7. भडूस, 8. परसोड़ा 9. ढोंडबाड़ा, डहरगांव, बाबई, डोल, महदगांव, ऊंचागोहान, रातामाटी, खेड़ी सांवलीगढ़, सेलगांव, रोंढा, करजगांव, नयेगांव, सावंगा, कराड़ी, भोगीतेढ़ा, भवानीतेढ़ा, लोहारिया, सोहागपुर, बघोली, सापना, मलकापुर, बाजपुर, बुंडाला, खंडारा, बोड़ीबघवाड़, ठेसका, राठीपुर, खेड़ी भैंसदेही, शाहपुर, भौंरा, घोड़ाडोंगरी, पाथाखेड़ा, शोभापुर, सारणी क्षेत्र, भारत भारती, जामठी, बघडोना, झगडिया, कड़ाई, मंडई, गजपुर, बाजपुर, परतापुर, सांपना, खेड़लाकिला, चिखल्या (रोंढा), कोरट, मौड़ी, कनाला कनारा बयावाड़ी,।बटामा (बैतूल -बैतूल बाजार मार्ग)

मुलताई क्षेत्र के गांव - मुलताई नगरीय क्षेत्र, थावर्या, कामथ, चंदोराखुर्द, करपा, परसठानी, देवरी, हरनया, मेलावाड़ी, बूकाखेड़ी, चौथिया, हरदौली, शेरगढ़, मालेगांव, कोल्हया, हथनापुर, सावंगा, डउआ, घाट बिरोली, बरखेड़, पिपरिया, डोब, सेमरिया, पांडरी सिलादेही, जाम, खेड़ी देवनाला, चिचंडा, निंबोरी चिल्हाटी, कुंडई, खंबारा, मल्हारा, कोंढर, जूनापानी, सेमझर, डहरगांव, चैनपुर, तुमड़ी, डोल, मल्हाराखापा, पिपरपानी, नीमदाना, व्हायानिडोरनी, छोटी अमरावती, छिंदखेड़ा, गाडरा, सोमगढ़, झिलपा, नंदबोही, दुनावा, दुनाई, गांगई, मूसाखापा, खल्ला, सोनेगांव, सिपावा, भैंसादंड, मलोलखापा, बालखापा, घाट पिपरिया, सरई, काठी, हरदौली, लालढाना, खामढाना, लीलाझर, बिसखान, मयावाड़ी, थारी, मुंडापार, चिखलीकला, कपासिया, लाखापुर, हिवरा, पारबिरोली, खैरवानी, सावंगी, लेंदागोंदी, मोरखा, तरूणाबुजुर्ग, डुडरिया, पिडरई, जौलखेड़ा, मोही, हेटीखापा, परमंडल, नगरकोट, दिवट्या, बुंडाला, हेटी, खतेड़ाकला, हरनाखेड़ी, अर्रा, बरई, जामुनझिरी, टेमझिरा, बाड़ेगांव, केकड्या, ऐनस, निर्गुण, सेमझिरा, पोहर, सांईखेड़ा, बोथया, ब्राम्हणवाड़ा, खेड़लीबाजार, बोरगांव, बाबरबोह, महतपुर, माथनी, छिंदी, खड़कवार, केहलपुर, तरोड़ा, सोड्या, रिधोरा, सोनोरी, सेमरया, जूनावानी, चिचंडा, हुमनपेट, बानूर, खेड़ी बुजुर्ग, उभारिया, खापा, नयेगांव, ससुंद्रा, पंखा, अंधारिया,

आमला नगरीय क्षेत्र - जंबाड़ा, बोडखी, नरेरा, छिपन्या, पिपरिया, महोली, उमरिया, सोनेगांव, बोरदेही, चिचोली, भैंसदेही, गुबरैल, डोलढाना आदि।

बैतूल जिले के वर्तमान में पंवारों के भिन्न-भिन्न सरनेम, उपनाम जिसे आज ये लोग गोत्र कहते है। पंवारो के 72 कुल आज वे इस तरह प्रचलित हैं ।

परिहार या पराड़कर, पठाड़े, बारंगे, बारंगा, बुआड़े, देशमुख, खपरिए, खापरे पिंजारे, गिरहारे,कालभोर, कालभूत, गोतिया ,गोहिते, चौधरी, चिकाने, माटे, ढोंडी, गाडरी, कसारे, कसाई, कसलिकर, सरोदे, ढोले, ढोल्या, बिरगड़े, उकड़ले, रोलक्या, किरणकार, किनकर, किरंजकार, घाघरे, रबड़े, रबड्या, भोभाट, दुखी, बारबुहारे, मुनी, बरखेड्या, बागवान, देवासे, देवास्या, फरकाड्या, फरकाड़े, नाड़ितोड़, भादे, भाद्या, कड़वे, कड़वा, रमधम, राऊत, रावत, करदात्या, करदाते, दाते हजारे, हजारी, गाड़क्या, गाकरे, खरफुस्या, खौसी, खवसे, कौशिक, पाठेकर, पाठा, मानमोड्या, मानमोड़े, हिंगवे, हिंगवा, डालू, ढालू, डहारे, डोंगरदिए, डोंगरे, डिगरसे, ओमकार, उकार, टोपल्या, टोपले, गोंदर्या, धोट्या, धोटे, ठावरी, ठूसी, लबाड़, ढूंढाड्या, ढोबारे, गोर्या, गोरे, काटोले, काटवाले, आगरे, डोबले, कोलया, हरने, ढंडारे, ढबरे, तागड़ी, सेंड्या, खसखुसे, गढढे, वाद्यमारे, सबाई। इसके अलावा कोई सरनेम छूट गया हो तो आप फोन करके बताने की कृपा करें। जितना संग्रह मुझे मिल पाया मैंने उतना यहां दिया है ।

सिवनी, बालाघाट, गोंदिया, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में प्रचलित सरनेम - अम्बूल्या, आमूले, कटरे, कटरा, कोलहया, गौतम, चौहान, चौधरी, चैतवार, ठाकुर, टेम्भरे, टेम्भरया, डाला, तुरूस, तुरकर, पटले, पटलया, परिहार, पारधी, कुंड, फरीद, बघेला, बिसन, बिसेन, बोपच्या, बोपचे, भगत, भैरव, भैरम, भोयर, ऐड़ा, रंजाहार, रंजहास, रंदीपा, रहमत, राणा, राना, राउत, राहंगडाले, रिमहाईस, शरणागत, सहारत, सहारे, सोनवान्या, सोनवाने, हनवत, हिरणखेड्या, छिरसागर।

पंवारों का मूल गौत्र तो वशिष्ठ ही है ऊपर दिए गए सभी सरनेम या उपनाम है। हमारे भाट श्री मुकेश सिंह भाई डूंगर सिंह उर्फ दिनेश सिंह पिता उदय सिंह उर्फ मदन सिंह जी बडवाजी

नि. सिंहपुरा

तह. रायपुर जीला भीलवाड़ा

राजस्थान मेवाड़ का संपर्क नंबर मोबा-9993388429 राजस्थान।

उपरोक्त जानकारी प्रकाशन दिनांक तक प्राप्त ग्रामों के नाम तथा सरनेम इस लेख में दिए गए है। भूल-चूक के लिए आप शंकर पवार पत्रकार को मोबाइल-9479363679 पर अपना सुझाव दे सकते हैं।सरनेम, और गांव के नाम में त्रुटि हो सकती है।आप भी समाज के जिम्मेदार व्यक्ति हैं, सही जानकारी देने की कृपा करें।

आज का श्रंगार
भगवान अर्धनारीश्वर
ज्योर्तिलिंग
देश के एक मात्र अर्धनारीश्वर ज्योर्तिलिंग मोहगांव हेवली जिला पाढुर्णा का

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देने बड़ी संख्या में पहुंचे आमजन

भोपाल। मुख्यमंत्री निवास विंध्यकोठी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने ऊर्जा और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे। उज्जैन, इंदौर, भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और जनसामान्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विनम्रतापूर्वक सभी का अभिवादन स्वीकार कर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को निवास पर पहुंचकर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है।

संकल्प पत्र-2023 का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाए - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लोगों की जिन्दगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य

सुशासन केवल शब्द न रहे, हमें इसे चरितार्थ करके दिखाना है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकल्प पत्र क्रियान्वयन के संबंध में दिए निर्देश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार कर जनता की जिन्दगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जन-सामान्य ने अपना विश्वास व्यक्त किया है, उनके नेतृत्व में विकास की प्रक्रिया जारी है। विकास और जनकल्याण के लक्ष्य को संकल्प पत्र-2023 के अनुरूप धरातल पर उतारना हमारा उद्देश्य है। सभी विभाग संकल्प पत्र के सभी वादों, संकल्पों और घोषणाओं की पूर्ति का काम मिशन मोड में आरंभ कर समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नवगठित सरकार के संकल्प पत्र के बारे में मार्गदर्शन के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष और विभिन्न निगम मंडलों के महाप्रबंधक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण में किया जाए। सरकार के लिए सुशासन सर्वोपरि है। विकास और जनकल्याण के लक्ष्यों को सुशासन के बल पर ही प्राप्त किया जा सकता है। त्वरित, पारदर्शी, उत्तरदायी और संवेदनशील शासन व्यवस्था प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित की जाए। सुशासन केवल शब्द न रहे, हमें इसे चरितार्थ करके दिखाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प पत्र के दस प्रमुख भाग हैं। जिनमें सशक्त नारी, समृद्ध किसान, जनजातीय कल्याण, उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा, सबका साथ-सबका विकास, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, स्वस्थ प्रदेश, प्रगतिशील अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास, सुशासन एवं कानून व्यवस्था तथा सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन शामिल हैं। यह संकल्प पत्र ही सरकार का अगले पांच साल का विजन डाक्यूमेंट है। सभी विभाग, उनसे संबंधित विषयों के क्रियान्वयन में तत्काल कार्रवाई आरंभ करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिन संकल्पों का संबंध एक से अधिक विभागों से है, उनके संबंध में दोनों विभाग आपसी तालमेल से काम करें। जिन संकल्पों के क्रियान्वयन के संबंध में किसी प्रकार का वित्तीय भार न हो अथवा वित्तीय संसाधन पूर्व से उपलब्ध हों या किसी प्रकार का नया नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता न हो, ऐसे प्रकरणों में सक्षम अनुमोदन लेकर तत्काल आदेश जारी किए जाएं।

शैलेन्द्र आर्य और घनश्याम मदान ने लम्बे समय तक मोहन यादव के साथ संघ पोषित छात्र संगठन में साथ - साथ किया काम

मीडिया प्रभारी रहे शैलेन्द्र आर्य बाबा ने लम्बे समय तक मोहन यादव के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन का कार्य किया।

जयन्ती हक्सर महाविद्यालय बैतूल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पनश्याम मदान ने मोहन यादव के साथ

बैतूल, प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के करीबी लोगो में बैतूल से दो छात्र नेताओ के नाम सामने आए। भाजपा के बरसो तक मीडिया प्रभारी रहे शैलेन्द्र आर्य बाबा और जेएच कालेज की जनभागेदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान दोनो ने मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नामक संगठन के सदस्य से लेकर पदाधिकारी के रूप में कार्य किया। डॉ. मोहन यादव का नाम बैतूल जिले के लिये यह नया नही है। मोहन यादव ने लम्बे समय तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम किया है। इस दौरान शैलेन्द्र आर्य ने लम्बे समय तक मोहन यादव के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन का कार्य किया। उस समय मोहन यादव विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री तथा प्रदेश मंत्री के पद पर थे। उस समय 1984 से 1990 के बीच भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी रहे शैलेन्द्र आर्य बैतूल जिले के जिला संयोजक एवं भोपाल विभाग प्रमुख विद्यार्थी परिषद रहे। और संगठन का काम किया। इसी तरह वर्तमान में जयन्ती हक्सर महाविद्यालय बैतूल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पनश्याम मदान ने मोहन यादव के साथ होशंगाबाद वर्तमान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम किया है। मोहन यादव के विषय में चर्चा ने बताया कि माननीय मोहन यादव अभूतपूर्व संगठन क्षमता के धनी है तथा भारतीय जनता पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता है। मोहन जहां संगठन को बल मिलेगा वहीं आम जनता को भी बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था मिलेगी।

प्राइवेट स्कूल मान्यता में बैतूल 20 स्कूलों की मान्यता समाप्त करने से 2000 हजार स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकारमय

बैतूल । जिले में राज्य शासन के निर्धारित नियमो एवम मापदंडों पर कथित रूप से सही नही पाए जाने पर जिले के प्राइवेट स्कूल मान्यता में बैतूल 20 स्कूलों की मान्यता समाप्त करने से 2000 हजार स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया हैं साथ ही 250 शिक्षक के सामने रोजी रोटी का संकट आ गया हैं। सूत्रों ने बताया कि निजी प्राइवेट स्कूलों के लिए लागू हो रहे अलग से नए नियम पूरे मध्यप्रदेश में 650 मान्यता के प्रकरण पास हुए है पर बैतूल में 24 में 20 प्रकरण में मान्यता निरस्तवि गई ...सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी करने पर भी मान्यता निरस्त की गई ...ऐसे कारण जिनको पूरा करने का समय देने पर आराम से 10 दिन में उन कमियों को पूरा किया जा सकता जैसे अग्निशमन ,समिति का चालान, पुस्तको की सूची, खेल सामग्री ,स्कूल में रैंप ऐसे छोटे कारण जो आसानी से पूरे हो जाते और पूरे करने पर भी उसकी जान बुझ के कमी बताई जा रहीं नाम न छपने की शर्त पर संचालकों ने बताया कि एक एसीपी मैडम जबरन कमियां बता कर ऐसा कर रही और स्कूल को पीड़ित प्रताड़ित कर रहीं जिस कारण स्कूल में कार्यरत शिक्षक शिक्षिका लगभग 250 तथा स्टूडेंट 2000 का भविष्य संकट में आ गया है

हाईवे पर पलटा पेट्रोल टैंकर, कोहरे की वजह से नहीं दिखा डायवर्टेड मार्ग

बैतूल, बैतूल में भोपाल नेशनल हाईवे-69 पर सुबह कोहरे की वजह से एक पेट्रोल टैंकर पलट गया। इस घटना में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है, लेकिन टैंकर हाईवे से उतरकर पलट गया। नेशनल हाईवे 69 पर बरेठा से लेकर भौरा तक निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर जगह-जगह डायवर्जन कर दिया गया है। ऐसे में कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। यही शाहपुर बाइपास पर पिछले दिनों एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण चार लोग घायल हुए थे। जिन्हें भोपाल में भर्ती किया गया था। आज गुरुवार की सुबह भी उसी स्थान पर एक पेट्रोल टैंकर दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा से पेट्रोल खाली करके इटारसी जा रहा टैंकर (एमपी 06 जीए 1831) शाहपुर बाइपास पर गुरुवार की सुबह रोड डायवर्ट होने के कारण रोड से नीचे जा गिरा। हालांकि इस दुर्घटना में वाहन चालक को ज्यादा चोट नहीं आई हुई है।

एक सदा यादगार त्रासद दास्तां ! इन्दिरा गांधी की एमर्जेंसी-1975 !!

के. विक्रम राव

समकालीन इतिहास की अत्यंत त्रासद घटना पर बनी कंगना रानौत की फिल्म ÷एमर्जेंसी÷ अब नूतन वर्ष में दिखाई जाएगी। गत माह की तारीख थी, स्थगित हो गई है। फिलहाल जब भी यह फिल्म दर्शकों के समक्ष पेश होगी, यह तयशुदा तौर पर तूफान लाएगी। कथानक ही इसका ऐसा है। चूंकि मैं स्वयं उस अंधेरे दौर में तेरह महीने भारत के पांच जेलों में कैद रहा, मेरा इस फिल्म से विशेष लगाव है। तानाशाही के खिलाफ यह जेहाद था। आम जन का। चूंकि काले के साथ सफेद ज्यादा चमकदार दिखता है। इसीलिए इसकी दर्शनीयता ज्यादा आकर्षक है।

मणिकर्णिका फिल्म द्वारा निर्मित इस चलचित्र का निर्देशन और निर्माण कंगना रनौत के जरिए किया गया है। फिल्म की पटकथा रितेश शाह ने लिखी है। फिल्म में कंगना के अलावा सतीश कौशिक, मिलिंद सोमन, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े और महिमा चौधरी जैसे सितारे खास रोल में हैं।

इस फिल्म की भयावहता का अनुमान इसी से लग जाता है कि सरकारी वकील (नीरेन डे) ने 1975 में सुप्रीम कोर्ट को खुलेआम बताया था कि सरकार को नागरिक के प्राण ले लेने का भी अधिकार है। फिर हजारों विरोधियों को डेढ़ साल तक जेलों में बंद रखा गया। बिना अदालती कार्यवाही के। यह सब आधुनिक इतिहास है।

अभिनेत्री कंगना की यह फिल्म बहुप्रतीक्षित है। एक पोस्ट में लिखा कंगना ने ¬ ÷प्रिय मित्रों, मुझे एक घोषणा करनी है। %इमरजेंसी% एक कलाकार के रूप में मेरे जीवन की सीख और कमाई है। %इमरजेंसी% मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म ही नहीं है बल्कि एक व्यक्ति के रूप में मेरे मूल्यों की परीक्षा है। फिल्म के टीजर और पोस्टर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हम सभी को प्रोत्साहित किया है। मेरा दिल कृतज्ञता से भरा है और मैं जहां भी जाती हूं लोग मुझसे %इमरजेंसी% की रिलीज डेट के बारे में पूछते हैं।÷

तानाशाह इन्दिरा.

कंगना : फिल्मी इन्दिरा.

अभिनेत्री ने रिलीज की तारीख को टालने की जानकारी साझा करते हुए लिखा, मैंने %इमरजेंसी% रिलीज की तारीख 24 नवंबर 2023 घोषित की थी, लेकिन मेरी अन्य फिल्मों के कारण इस फिल्म को 2024 में रिलीज करने का फैसला किया है। नई रिलीज डेट जल्द ही घोषित की जाएगी।÷

कंगना रनौत ने उन दावों का खंडन किया कि उनकी आगामी फिल्म %इमरजेंसी% का उद्देश्य कांग्रेस को खराब रोशनी में दिखाना अथवा भाजपा का पक्ष लेना है। यह फिल्म स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित है।

कंगना ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने धमकाया था। ÷मैंने खुद इमरजेंसी में श्रीमती गांधी की बायोपिक पर काम किया है। निक्सन ने उन्हें बहुत बुरी तरह से ट्रीट किया था। मीडिया में बोला था। बुली किया था। (जब मैंने इंदिरा गांधी पर शोध किया, तो मुझे पता चला कि रिचर्ड निक्सन ने उन्हें कैसे धमकाया था)। लेकिन अब, हिंसा से और केवल प्रेम से, पीएम मोदी सचमुच मानवता की मशाल थामे हुए हैं। हम, भारतीय बहुत गर्व महसूस करते हैं।÷

प्रोमो में अनुपम खेर कहते हैं ¬ ÷भारत के इतिहास की सबसे अंधेर घड़ी आ चुकी है। सरकार राज नहीं, अहंकार राज है ये। ये हमारी नहीं, इस देश की मौत है। इस तानाशाही को रोकना होगा।÷ इसके बाद कंगना की आवाज आती है ¬ ÷मुझे इस देश की रक्षा करने से कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि इंडिया इंदिरा है और इंदिरा इंडिया है। कंगना रनौत कहती हैं ¬ ÷इमरजेंसी हमारे इतिहास के सबसे काला अध्यायों में से एक है, जिसे युवा भारत को जानना जरूरी है। यह एक महत्वपूर्ण कहानी है। मैं इस रचनात्मक यात्रा को एक साथ शुरू करने के लिए प्रतिभाशाली एक्टर सतीश कौशिक, अनुपम खेर, श्रेयश, महिमा और मिलिंद की शुक्रगुजार हूं। मैं भारत के इतिहास के इस उल्लेखनीय प्रसंग को बड़े पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हूं। जय हिंद÷ ! लोकतंत्रप्रेमी, स्वाधीनता के लिए संघर्षरत भारतीयों को इस फिल्म की प्रतीक्षा रहेगी।

स्टेशन रोड पर पाइपलाइन फूटने से बह रहा है पानी

मुलताई- नगर के स्टेशन रोड पर पिछले कुछ दिनों से डिवाइडर के पास स्थित नल की पाइपलाइन फूट गई है, जिसके कारण पीने का पानी सड़कों पर व्यर्थ बह रहा है। पाइपलाइन फूटने के कारण जहां एक और हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है वहीं दूसरी ओर सड़क पर कीचड़ एवं फिसलन की समस्या उत्पन्न हो गई है। वार्ड वासियों ने बताया कि जब से यह पाइपलाइन फूटी है तब से घरों में पानी का प्रेशर कम हो गया है तथा नलों भी पानी कम आ रहा है जिसके कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। इस विषय में नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर योगेश अनेराव ने बताया कि पाइपलाइन फूटने की शिकायत प्राप्त हुई है। पाइपलाइन सुधार हेतु टीम को बता दिया गया है। शीघ्र ही सुधार कार्य करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निदेशक श्री कड़ेल ने की भेंट

पुष्पगुच्छ भेंट कर दी बधाई और शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास विंध्यकोठी में हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक श्री अशोक कड़ेल ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को निदेशक श्री कड़ेल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री पद की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अकादमी का निदेशक नियुक्त होने पर श्री कड़ेल को बधाई दी।

अस्मिता वेलफेयर द्वारा ईंट भट्टे के 20 मजदूरों को वितरित किये गये कम्बल

भोपाल। दिन गुरुवार, दिनांक 14 दिसम्बर को अस्मिता वेलफेयर द्वारा जीव सेवा संस्थान के सहयोग से आदमपुर पठार स्थित ईट भट्टे पर 20 मजदूरों को कम्बल बाटें गये। बच्चों को टाफी भी वितरित की गई, जिससे वे अत्यधिक प्रसन्न हुए। इस अवसर पर अस्मिता वेलफेयर के संस्थापक श्री अशोक डाहरे, श्री निर्मल बोवाड़े ,प्रबंधक,मानव संसाधन, ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ भेल और सुखवाड़ा प्रतिनिधि उपस्थित थे। ज्ञात हो, इसके पूर्व 13 दिसम्बर को 30 जरुरतमंद, विधवा, परित्यक्ता और 2 विकलांग महिलाओं को कान्हा सैया में कम्बल वितरित किये गए थे।

नाली खोदने के लिए नगरपालिका ने घरों के सामने से हटाया अतिक्रमण

मुलताई। नगर के राजीव गांधी वार्ड में सोनोली रोड पर निवास करने वाले लोगो द्वारा शासकीय भूमि पर अपने घर के सामने अतिक्रमण कर रखा था। जिससे सड़क किनारे स्थित नाली बंद हो गई थी। नाली बंद होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता था। जिसकी शिकायत करते हुए कुछ लोगो द्वारा नगरपालिका में ज्ञापन सौपकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। गुरुवार को नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा राजीव गांधी वार्ड में सोनोली रोड पर नाली निर्माण करने के लिए पक्का एवं कच्चा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर पालिका के उपयंत्री योगेश अनेराव ने बताया कि वार्डवासियों द्वारा अतिक्रमण कर नाली बंद करने की शिकायत मिली थी। जिस पर 50 अतिक्रमण करियो को नोटिस जारी किए गए थे। बुधवार को 13 लोगो का अतिक्रमण हटाया गया था। गुरुवार को शेष अतिक्रमण हटाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने की भेंट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों, पार्टी के वरिष्ठ सदस्यगण सहित जनप्रतिनिधियों, परिचितों और अनुयायियों द्वारा नए दायित्व के लिए बधाईयों का क्रम जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य एवं पूर्व मंत्री श्री अंतर सिंह आर्य, शिवपुरी से श्री देवेन्द्र जैन, रतलाम विधायक श्री चेतन कश्यप, धरमपुरी से श्री कालू सिंह ठाकुर, बरघाट से श्री कमल मर्सकोले और मेहगांव से श्री राकेश शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री पद की बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी का स्वागत कर शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

श्री जगदीश देवड़ा जी के उपमुख्यमंत्री बनने पर प्रशंसको ने खुशी मनाई

श्री जगदीश देवड़ा जी को मध्यप्रदेश शासन में उपमुख्यमंत्री बनाये जाने पर आमला में उनके समर्थकों ने खुशी मनाई।आज जगदीश देवड़ा जी के प्रशंसकों ने जनपद पंचायत चौक पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाए दी।प्रशंसको ने आतिशबाजी कर पटाखे फोड़े और एक दूसरे को बधाई दी।साथ ही म प्र के मुख्यमंत्री पद पर डॉ मोहन यादव जी और उप मुख्यमंत्री पद पर जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ला को बनाये जाने और ऐतिहासिक विजय पर सभी ने खुशी मनाई।उल्लेखनीय है कि सहज सरल स्वभाव और सभी के चहेते जगदीश देवड़ा के आमला में बड़ी संख्या में प्रशंसक और समर्थक है।बैतूल लोकसभा उपचुनाव के दौरान देवड़ा जी लंबे समय तक आमला प्रवास पर रहे थे।आमला के लोगो से उनकी आत्मीयता से सभी लोग परिचित है।ज्ञात हो कि जगदीश देवड़ा म प्र शासन में गृह, परिवहन, जेल, अनुसूचित जाति कल्याण, श्रम तथा वित्त मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे है।वर्तमान में उन्हें उपमुख्यमंत्री के पद पर नवाजा जाना उनकी श्रेष्ठता को स्वतः ही सिद्ध करता है।श्री जगदीश देवड़ा ने आमला क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य करवाये थे इनमें सबसे महत्वपूर्ण कार्य आमला में बौद्ध विहार के निर्माण के लिये इनके द्वारा शासन से बड़ी राशि स्वीकृत करायी गई थी।बौद्ध विहार निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।आमला क्षेत्र में जगदीश देवड़ा जी के बड़ी संख्या में प्रशंसक है इनके उप मुख्य मंत्री बनने पर आमला में खुशी मनाई इस अवसर पर जनपद चौक आमला में उपस्थित लोगों ने मिठाईयां बांटी इस अवसर पर गणेश यादव जनपद अध्यक्ष आमला, यदुराज सिंह रघुवंशी मंडल अध्यक्ष भाजपा खेड़ली मोरखा मंडल आमला, मनोज विश्वकर्मा समाजसेवी, प्रमोद हारोड़े, अकरम खान, मोहन देवड़े, सुधीर अम्बाडकर पार्षद, नितिन देशमुख मीडिया प्रभारी, बसंत ओडुकले पूर्व पार्षद, इकबाल खान मंडल अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आमला, दीपक गाडरे, सुखदेव ठाकरे, शिव साहू पत्रकार, वृहस्पति विक्की नरवरे समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बैतूल के समस्त नागरिकों सामाजिक कार्यकर्ता, संगठनों से सामूहिक निवेदन

अत्यंत हर्ष का विषय हैं की बैतूल मे 67 वी राष्टीय ताईकंवाडो शालेय प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर से 5 जनवरी तक होना है । यह प्रथम अवसर है जब स्कूली बच्चों की किसी खेल की राष्टीय प्रतियोगिता का आयोजन बैतूल मे हो रहा है जिसमे देश भर के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के 3000 हजार से ज्यादा खिलाड़ी बेटे बेटियां हिस्सा ले रहे हैं अर्थात संपूर्ण भारत बैतूल मे दिखाई देगा काश्मीर से कन्या कुमारी , अटक से कटक तक उत्तर से दक्षिण तक पूर्व से पश्चिम तक पूरा का पूरा भारत उस समय बैतूल मे होगा और जब सारा भारत बैतूल मे दिखेगा तो हम बैतूल के नागरिकों का भी यह नैतिक कर्तव्य हो जाता हैं की हम भी सारे भारत को यह दिखा सके की बैतूल के दिल मे सिर्फ और सिर्फ भारत धड़कता हैं । बच्चो का बैतूल कि धरती पर ऐसा स्वागत सत्कार हो की पूरा भारत

कह उठे की सचमुच बैतूल के दिल मे भारत धड़कता हैं। आप सभी से निवेदन है की इस आयोजन को बैतूल का प्रत्येक नागरिक अपना आयोजन समझे जैसे अपनी ही बेटे बेटी की शादी है ।बच्चो की व्यवस्था , आदर सत्कार स्वागत मे कोई कसर बाकी न रह जाएं ऐसी चिंता की जाए।जन प्रतिनिधि, प्रशासन , समाजिक कार्यकर्ता संगठन हम सब मिलकर इस आयोजन मे अपनी अपनी भूमिका को निभाए कार्य के दायित्वों की सुनिश्चित करें। दुल्हन की तरह नगर को चारो और से सजा दे। हर संगठन , हर कार्यकर्ता हर नागरिक एक एक राज्य की एक एक बेटे बेटियों की चिंता के साथ काम करे की ताकि हमारे दूरस्थ इलाकों से पधारे इन बेटे बेटियों को कोई कष्ट का अनुभव न हो उन्हे लगे की वे अपने घर ही अपनो के बीच खेलने और रहने आए हैं । अथिति देवों भव के भाव से भरा ऐसा स्वागत सत्कार हो की सब कह उठे बैतूल का दिल धड़कता है भारत के लिए वसुधेव कुटुंबकम यह सारा भारत मेरा परिवार है इस भाव से खिलाड़ी बेटे बेटियों का आदर सत्कार हो। तो आईए बैतूल के दिल मे भारत धड़कता है इस मिशन को प्राण प्रण से पूरा करने हम सभी नागरिक आगे अपने अपने कदम बढ़ाए। भारत की जय हो , मध्य प्रदेश की जय हो, बैतूल की जय हों , बैतूल वासियों की जय हों

हेमंत चन्द्र दुबे बबलू 75
कदम 75 दिन

सलवार सूट के आर्डर के बहाने टेलर से सायबर ठगी, 29 हजार की लगी चपत

बैतूल। पुलिस प्रशासन द्वारा बार बार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद सायबर ठगी के मामले कम नहीं हो रहे बल्कि बढ़ते जा रहे हैं। सायबर ठग लोगों को झांसा देकर खून पसीने की गाड़ी कमाई एक झटके में दूसरे खाते में ट्रांसफर कर ले रहे हैं। ऐसा ही मामला बुधवार दोपहर थाना रोड में सामने आया, जहां सायबर ठगों ने सलवार सूट सिलने वाले टेलर मास्टर रविकांत उर्फ मंटू उपासे को अपना शिकार बना लिया और दो खातों से 29 हजार रुपये ऑनलाइन पार कर दिए। जब अपने ठगे जाने का आभास टेलर मास्टर को हुआ मास्टर टेंशन में आ गए और इसकी शिकायत सायबर थाने में दर्ज कराए जाने के बाद बैंक को भी सूचित किया गया। पूरे मामले को लेकर पीड़ित रविकांत उपासे ने बताया कि बुधवार लगभग 12 बजे उनके पास मोबाइल नम्बर 6266314197 से कॉल आया जिसमे बताया गया कि वे आर्मी केम्प से बोल रहे हैं उन्हें 25 जोड़ी सलवार सूट सिलवाना है। बाकायदा सलवार सूट की डिजाइन भी टेलर मास्टर के वाट्स एप पर सेंड किया गया। कहा गया कि आधा पेमेंट एडवांस में किया जाएगा । पीड़ित ने बताया कि इसके लिए उन्हें एक वीजा कार्ड भी वाट्सएप पर भेजा गया था। मेरे एकाउंट में पैसा डालने का झांसा देकर मेरे ही अकाउंट से 29 हजार रुपये निकाल लिए गए। जिसकी शिकायत सायबर थाने में दर्ज कराई गई है। सायबर ठग इतने शातिराना अंदाज में ठगी को अंजाम दे रहे हैं कि लोग भी बड़ी आसानी से इनके झांसे में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि इस दौरान ठगों ने उन्हें दस से बारह कॉल किये एक बार वीडियो काल भी किया गया जिसमें बात करने वाला व्यक्ति आर्मी की ड्रेस पहना हुआ दिख रहा था। जिसके बाद उन्हें ऐसा नहीं लगा था कि, इस तरह से हम ठगी के शिकार हो जाएंगे। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों को भी दी है। अधिकारियों ने क्लेम फार्म पर हस्ताक्षर करवाकर भरोसा दिया है कि ठगी गयी रकम वापस लाने की हर सम्भव कोशिश की जाएगी। ऑनलाइन ठगी के शिकार होने की यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों में इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं जहां सेक्सुअल एक्सटॉर्शन सहित ऑनलाइन ठगी के जरिये लोग अपनी जमा राशि से हाथ धो चुके हैं, लेकिन आश्चर्य इस बात का है कि आखिर लोग जागरूकता का परिचय क्यों नहीं दे पा रहे हैं। सायबर प्रभारी कविता नागवंशी ने बताया कि, लोगो को जागरूक करने के लिए समय समय पर पुलिस विभाग द्वारा बकायदा अभियान चलाया जाते हैं, लेकिन मामले हैं कि बढ़ते ही जा रहे हैं। सबसे पहले तो लोगो को यह जानने की जरूरत है कि इस तरह के किसी भी कॉल के आने पर पहले इस बात की पूरी तसल्ली कर ली जाए कि कहीं वे ठगी का शिकार तो नहीं हो रहे। पर्याप्त जांच पड़ताल और सलाह मशविरे के बाद ही यदि कदम आगे बढ़ाए जाते हैं तो काफी हद तक इस तरह के मामलों में कमी आएगी। लोगों से पुलिस विभाग की अपील है कि, किसी भी अनजान कॉल पर विश्वास कर ठगों के झांसे में आने से अपने आप को बचाने के प्रयास किये जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिला ग्वालियर अंचल का प्रतिनिधि मंडल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज यहां वीआईपी गेस्ट हाउस में ग्वालियर और दतिया क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिलने आए प्रतिनिधि मंडल में श्री गोविंद सिंह यादव, श्रीमती संध्या सिंह यादव, श्री सूरज सिकरवार आदि शामिल थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधि मंडल द्वारा पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले अनेक जनप्रतिनिधि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ यादव से मंत्रालय स्थित कक्ष में पूर्व मंत्री डॉ. प्रभु राम चौधरी, श्री तुलसीराम सिलावट, श्री ध्यानेंद्र सिंह और श्रीमती माया सिंह ने सौजन्य भेंट की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के दायित्व के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव से मंत्रालय में पूर्व मंत्री श्री बृजेंद्र यादव और विधायक श्री प्रहलाद लोधी ने भेंट कर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विधायक श्री सचिन यादव भी मिले और मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए पुलिस बैंड को और ज्यादा प्रभावी बनाने के निर्देश

कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध उपयोग, खुले में मांस-मछली विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में दिए निर्देश

गणतंत्र दिवस समारोह में आम नागरिकों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कलेक्टर-कमिश्नर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंस में निर्देश दिये कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये आावश्यक कदम उठायें। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी को होगा।

डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को गणतंत्र दिवस समारोह से जोड़ा जाए। उन्होने पुलिस बैंड को भी अधिक प्रभावी और दक्ष बनाने के लिए सभी जिलों में आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि होम गार्ड को बैंड के प्रशिक्षण के लिए व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए और जिन स्कूलों में दक्ष बैंड हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुई कलेक्टर-कमिश्नर वीडियो कॉन्फ्रेंस में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तार यंत्रों के नियम विरूद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णत- प्रतिबंधित करने संबंधी आदेश के क्रियान्वयन के संबंध में भी जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई ने प्रदेश में खुले में बिना अनुमति माँस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध से संबंधित प्रावधानों तथा 15 दिसम्बर से चलाए जाने वाले विशेष अभियान के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फ्रगाथा श्रीराम मंदिर कीफ्र पोस्टर का विमोचन किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ÷गाथा श्री राम मंदिर की÷ संगीतमय कथा प्रस्तुति के पोस्टर का विंध्य कोठी स्थित निवास पर विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव को कार्यक्रम का आमंत्रण भी दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव को बताया गया कि आगामी 7 जनवरी 2024 को रविंद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में ÷गाथा श्री राम मंदिर की÷ प्रस्तुत की जाएगी जिसमें अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण के लिए की गई तपस्या और संघर्ष का प्रस्तुत किया जाएगा। प्रस्तुति में हृदय बैंड द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने करुणा धाम आश्रम भोपाल की ओर से हो रही इस प्रस्तुति के प्रमुख एंकर मोहित शेवानी और गीतकार प्रबुद्ध सौरभ को इस प्रयास के लिए बधाई दी।

डहुआ हाईस्कूल के प्राचार्य के खाते से आन लाइन 95 हजार रुपए निकालकर लगाया चुना

प्राचार्य ने की थाने में शिकायत

मुलताई।सायबर क्राइम की घटनाएं लगातार होते रहती है।सायबर क्राइम करने वाले नए नए हथकंडे अपनाकर लोगो को चुना लगा रहे है। लेकिन इसके बाद भी लोग जागरूक नही हो रहे है। एक ऐसा ही मामला फिर सामने आया है जब शासकीय हाईस्कूल डहुआ के प्राचार्य के बैंक खाते से आन लाइन 95 हजार रुपए निकालकर चपत लगा दी।प्राचार्य केवलराम बोबडे ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि बीते 6 दिसम्बर को उसके मोबाइल नंबर पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर बताया कि शाला में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने एवं शाला में पीएचई विभाग से हैंड पम्प लगाने के लिए बोर करने,विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी के लिए आरओ लगाने के लिए सम्पर्क किया।उक्त कार्य के लिए स्कूल परिसर में सामग्री रखने एवं मजदूरों को मजदूरी देने के लिए राशि ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। जिसके बाद उनके बैंक खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 95 हजार रुपए आन लाइन निकाल लिए गए। प्राचार्य ने थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

राशि ट्रांसफर होने के बाद एटीएम से दो बार मे भरतपुर में साहिल ने निकाले रुपए

प्राचार्य द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत बैंक स्टेटमेंट के अनुसार रत्नाकर बैंक लिमिटेड में 95 हजार रुपए ट्रांसफर होने के बाद भरतपुर(राजस्थान) के एटीएम से साहिल ने 6 दिसम्बर को दोपहर 2.10 बजे 50 हजार रुपए एवं 2.14 बजे 45 हजार रुपए निकाले गए है।

इनका कहना

प्राचार्य द्वारा की गई शिकायत मेरी जानकारी में नही है,दिखवाकर बताती हूँ।

प्रज्ञा शर्मा, थाना प्रभारी मुलताई

शाहपुर से युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मयंक वर्मा ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान व सीएम मोहन यादव से मुलाकात की

शाहपुर नगर अध्यक्ष मयंक वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व डॉ मोहन यादव से भोपाल पहुंचकर मुलाकात की मध्य प्रदेश में सीएम के नाम की घोषणा व शपथ ग्रहण के बाद मयंक वर्मा सीएम हाउस पहुंचकर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान मामा जी से गले लगा कर भेट की श्री वर्मा ने बताया की मध्य प्रदेश की जनता और युवाओं के दिलों में सदा राज करेगे मामा जी।मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम ने जब एक युवा नेता मयंक वर्मा को गले लगाया तो श्री वर्मा भाभुक हो उठे ।मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद नए सीएम डॉ मोहन यादव से भी मुलाकाल की नए सीएम के नाम की घोषणा में डॉ मोहन यादव को सीएम बनाने.पर युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मयंक वर्मा अपने साथियों के साथ मिलने पहुंचे भोपाल। बीजेपी के हाई कमान के आदेश पर बने मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव तो युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मयंक वर्मा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी सीएम आवास पर मुलाकात की.

पुलिस की उपस्थिति में नपा कर्मचारियों ने फेंसिंग हटाकर चालू करवाया स्कूल शौचालय

कई दिनों से चल रहा था शौचालय चालू करने को लेकर विवाद

मुलताई - नगर के मेन मार्केट में व्यापारियों एवं आम जनता के लिए पूर्व में फव्वारा चौक के पास अस्थाई युरिनल रखा गया था। युरिनल से आने वाली बदबू के कारण व्यापारियों के ज्ञापन पर युरिनल हटा दिया गया था । जिसके कारण व्यापारी एवं मार्केट में आने वाली जनता विवेकानंद वार्ड में स्थित कन्या शाला के शौचालय में लघुशंका के लिए जाने लगें थे। जिससे कि आस पास निवास करने वाले परिवार शौचालय की बदबू से परेशान हो गए थे। जिसके चलते विवेकानंद वार्ड पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे के साथ आस पास निवास करने वाले परिवार के लोगो के द्वारा ज्ञापन सौंप कर शौचालय बंद किए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा था, जिस पर नगर पालिका द्वारा उक्त शौचालय बंद कर दिया गया था। बाद में व्यापारियों को लघुशंका जाने में परेशानी होने लगी और शौचालय को पुन प्रांरभ करने के लिए व्यापारियों द्वारा ज्ञापन सौंपकर शौचालय खुलवाने की मांग की गई थी। वहीं बुधवार को शौचा?लय के आस पास निवास करने वाली महिलाओं द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौपकर शौचालय स्थायी रूप से बंद करने की मांग की गई। लेकिन नगरपालिका सीएमओ द्वारा एक सप्ताह पहले शौचालय खोल दिया था। लेकिन दूसरे दिन फिर अज्ञात लोगों ने तार फेंसिंग कर शौचालय बंद कर दिया था ।बीते कल बुधवार की देर शाम पुलिस बल की उपस्थिति में नगरपालिका के उपयंत्री योगेश अनेराव के साथ कर्मचारियों द्वारा जाकर शौचालय व्यापारियों के लिए खोल दिया गया है।

सुपरवाइजर एवं कर्मचारी की लगाई ड्यूटी

नगरपालिका के उपयंत्री योगेश अनेराव ने बताया कि शौचालय स्थल पर एक सुपर वाइजर एवं सफाई कर्मचारी की शौचालय स्थल पर ड्यूटी लगाई गई है। जिससे साफ सफाई रह सके। वहीं उक्त परिसर में तार फेंसिंग कर गेट लगाया जाएगा जिससे लोग खुले में

शौच या यूरिन नही करेंगे। जिससे आसपास निवास करने वालो एवं व्यापारी को कोई परेशानी नही हो।

कार्रवाई के लिए सीएमओ ने लिखा थाना प्रभारी को पत्र

नगरपालिका शौचालय एक सप्ताह पहले खोल दिए जाने के बाद अज्ञात लोगो ने तार फेंसिंग कर बंद कर दिया था। जिस पर सीएमओ आरके इवनाती ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर तार फेंसिंग कर शौचालय बंद करने वालो पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद बीते कल बुधवार को पुलिस बल की उपस्थिति में शौचालय खोला गया।

23 साल तक देश की सेवा करने वाला बोला मुझ पर लगे झूठे आरोपो के कारण मैं आत्महत्या कर लूंगा

शराबी जुआड़ी पिता की करतूतो को बताते हुए फौजी बोला विवाद द्वारा खरीदे गए प्लाट का है

बैतूल, अपने वृद्ध माता - पिता एवं भाई के द्वारा मुझ पर लगाए गए झूठे आरोपो से मैं आहत हुआ हूं। मेरी बदनामी हुई और मैं लोगो की नजर में गिर गया हूं। मैने 23 साल तक देश की सेवा की है। दो महीने बाद मै रिटायर होने वाला हूं। मैने 23 साल के सेवाकाल में मिले वेतन में कुछ पैसे बचा कर अपने लिए एक प्लाट अपने पिता के नाम पर खरीदा था, अब रिटायर होने के बाद मैने जब प्लाट पर अपना मकान बनाना चाहता हूं। मैने जैसे ही अपने पिता से प्लाट के कागज मांगे मेरे पिता ने मेरे बड़े भाई जिसके पास माता - पिता रहते है उनके कहने पर मेरे विरूद्ध पुलिस थाने में झूठी रिर्पोट लिखवा कर मुझ पर जो आरोप लगाए है उससे मै आहत हुआ हूं। मेरे पास फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या करने के लिए अलावा कुछ बचा नहीं है। यह सब कुछ एक वीडियो में एक फौजी ने कहा है जो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। 23 साल तक देश की सेवा कर रिटायर मेंट क दो महीने पर पहले अपने गांव लौटे फौजी प्रभू सिंह के विरूद्ध मुलताई थाने के गांव टेमझिरा के रहने वाले उसके वृद्ध माता - पिता ने पुलिस में रिर्पोअ दर्त करवाई है। रिर्पोट में लिखा गया है कि उसके फौजी बेटे ने उनके संग मारपीट की है। रिर्पोट में लिखा गया है कि उसके फौजी बेटे ने शराब के नशे में डंडे से मारा - पीटा और उसे पेशाब पिलाई। आरोपी फौजी प्रभू सिंह ने गुरुवार को बताया कि यह पूरा मामला एक प्लाट का है। प्लाट पर कब्जा करने के लिए उस पर झूठे आरोप लगाए हैं। फौजी ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर रोते हुए कहा कि मां ने मुझे जन्म दिया है। पिता से मेरा अस्तित्व है। मुझे आश्चर्य है कि इतने गंभीर आरोप मुझ पर लगाए गए हैं। क्या कोई बेटा माता.पिता को यूरिन पिलाने जैसा जघन्य कृत्य कर सकता है। मेरे प्लॉट को कब्जा करने के लिए इस तरह के झूठे आरोप लगाए हैं। मैं इन आरोपों से इतना दुखी हूं कि जान देने का मन कर रहा है।आरोपी ने बताया कि पूरा मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है। मैं 23 साल से आर्मी में रहकर देश की सेवा कर रहा हूं। मैंने पिता के नाम पर कुछ समय पहले एक प्लॉट लिया था। दो महीने बाद मेरा रिटायरमेंट हैए मैंने इसी प्लाट के कागज पिता से मांगे थे। इस पर मेरे बड़े भाई और उसे परिजन ने विवाद किया। वे माता.पिता को भड़काकर षड्यंत्र कर रहे हैं। गांव के कुछ लोग इस प्लॉट को खरीदना चाहते हैं। इस तरह के झूठे आरोप उसे पर लगाए जा रहे हैं। मैं अपने ऊपर लगे गंभीर आरोपों से बुरी तरह आहत हूं। मैं पुलिस के सामने अपना पक्ष रखूंगा। आरोपी फौजी का कहना है कि जिस मां ने उसे दूध पिलाकर इतना बड़ा किया है, क्या वह उसे पेशाब पिलाएगा। हमारा छोटा - मोटा परिवारीक विवाद हुआ था, जिसे इतना बड़ा रूप दे दिया गया है। उसके पिता पैरालिसिस के मरीज हैं, उनके साथ भी मारपीट नहीं की गई है। विवाद को गंदा रूप देखकर प्रॉपर्टी हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। मैं हमेशा घर से बाहर रहा। माता - पिता बड़े भाई के परिवार के पास रहते हैं। ऐसे में बड़े भाई से लगाव ज्यादा है।

श्राद्ध आमंत्रण

श्रीमान .....

आपको आमंत्रित किया जाता है कि हमारे पुज्यनीय पिताजी

स्व.श्री मोहनलालजी बरोदे का **वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम**

दिनांक 21.12.2023, गुरूवार को सुबह 11.00 बजे

हमारे निवास स्थान पर रखा गया है ।

अतः इस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ...

✻ कार्यस्थल ✻
हमारा निज निवास
ग्राम – बाडेगांव
त.मुलताई, जि.बैतूल

:: भोजन समय ::
सुबह 11.30 बजे से

✻ विनीत ✻
नरेन्द्र बरोदे
विजय, आशीष बरोदे
मो.9754353135

पप्पू फोटोग्राफी बि.बाजार

प्लास्टिक चावल बांटने की अफवाह

बैतूल में फोर्टिफाइड चावल प्लास्टिक की तरह दिखने से हुआ भ्रम



बैतूल, राशन की दुकानों से वितरित किए जाने वाले चावलों के साथ प्लास्टिक के चावल मिले होने की अफवाह बैतूल के ग्रामीण इलाकों में फैली हुई है। इसका बानगी आज जिला मुख्यालय के करीबी गांव जैतापुर में देखने को मिली। जहां महिलाओं ने राशन दुकान से मिलने वाले चावल में प्लास्टिक मिले चावल होने का आरोप लगाया। यह शिकायत कलेक्टर तक भी पहुंची थी । जिसकी जांच करने पर यह प्लास्टिक का नहीं बल्कि फोर्टीफाइड चावल निकाला।जैतापुर में पिछले 3 महीने से जो चावल राशन दुकान से वितरित किया जा रहा है। उन चावलों में कुछ दाने ऐसे भी पाए गए हैं जो पानी में चावल के भीगाने पर नीचे नहीं बैठते बल्कि पानी के ऊपर तैरते रहते हैं। इन दानों को गरम तवे पर डालने पर यह प्लास्टिक की तरह पिघलते दिखाई देते हैं। इ से गर्म करने पर यह रबड़ की तरह प्रतिक्रिया करते हैं। इससे ग्रामीणों में अफवाह फैल गई कि चावल के साथ प्लास्टिक का चावल मिला हुआ है। मामले की जानकारी हिंदू संगठन से जुड़े भवानी गावंडे ने बैतूल कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस को दी थी। जिसके बाद बैतूल कलेक्टर ने जिले के खाद्य विभाग को इस मामले की जांच सौंपी थी। लेकिन जांच के बाद या साफ हो गया कि यह चावल प्लास्टिक का नहीं बल्कि फोर्टिफाइड चावल है। कलेक्टर ने भी बताया कि यह शंका निर्मूल है और चावल में किसी तरह की मिलावट नहीं है।जिला आपूर्ति अधिकारी कृष्ण कुमार टेकाम ने बताया कि राशन की दुकानों से वितरित किए जाने वाले चावल में फोर्टिफाइड चावल की मात्रा मिली होती है। यह फोर्टीफाइड चावल अलग से चावलों के साथ मिलाया जाता है। ताकि खाने वाली आबादी को चावल के साथ आयरन और अन्य प्रोटीन की मात्रा भी मिल सके। यह फर्टिफाइड चावल अलग से तैयार किया जाता है और उसे चावल में मिला दिया जाता है। यह वास्तविक चावल से थोड़ा अलग होता है। इसलिए लोग इसे प्लास्टिक का चावल समझ लेते हैं। जबकि यह प्लास्टिक का नहीं बल्कि फोर्टिफाइड चावल है। यह होता है फोर्टिफाइड चावल स्नस्न्ढ्ढ के निर्देश के अनुसार, चावल में सूक्ष्म पोषक तत्वों को सही मात्रा में मिलाया जाता है। इन चावल को फोर्टिफाइड चावल कहा जाता है। फोर्टिफाइड चावल के दाने चावल का पाउडर और विटामिन बी12, फोलिक एसिड और आयरन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को सही मात्रा में मिलाकर बनाए जाते हैं।एफएसएसएआई का मानना है कि फोर्टिफाइड चावल के एक दाने को आम चावल के 100 दानों में यानी 1¬100 के अनुपात से मिक्स किया जाता है।वास्तव में पोषक तत्वों को मिक्स किए जाने के बाद फोर्टिफाइड चावल का रंग और आकार थोड़ा अलग हो जाता है और यह देखने में प्लास्टिक की तरह लगते हैं। इतना ही नहीं, यह बनने के बाद थोड़े कड़क भी दिखते हैं जिनसे आप बॉल भी बना सकते हैं। पके चावल में 80 फीसदी स्टार्च होता है और उसमें कार्बोहाइड्रेट और पोटेशियम की मात्रा भी अधिक होती है जिससे यह चिपकता है।इन चावल को स्टोर करने और पकाने का तरीका भी आम चावल की तरह ही है। बेशक यह देखने में अलग लगते हैं लेकिन इनका स्वाद भी आम चावल की तरह ही है। चावलों का फोर्टिफिकेशन करने का तरीका यह है कि इन्हें तैयार करने के लिए चावल को पीसकर इसका पाउडर तैयार किया जाता है। इसके बाद इस पाउडर में पोषक तत्वों वाला पाउडर मिलाकर गूंथ लिया जाता है। अब इस गुंथे हुए आटे को चावल का आकार देकर सुखा लिया जाता है, ताकि ये सामान्य चावल जैसा ही दिखे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने श्री गोपाल भार्गव को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने श्री गोपाल भार्गव को राजभवन में विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन राजभवन के दरबार हॉल में किया गया था। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप-मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप-मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद थे। शपथ विधि कार्यक्रम का संचालन प्रमुख सचिव विधानसभा श्री अवधेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायकगण, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी. पी. आहूजा, विधानसभा के अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कृ.उ.मंडी बैतूल, बाजार भाव

14 दिसम्बर 2023

जिंस का नाम	आवक	न्यूनतम	अधिकतम
सोयाबीन	3500	5000	4750
चना	4941	5100	4980
मक्का	1651	2159	2080
गेहू	2300	2730	2472
सरसों			
बटना			
मसूर			
तुअर			
गुल्ली			
मूंग			
उड़द			
गुड			
ज्वार			

संकल्प पत्र-2023 का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाए - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लोगों की जिन्दगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य

सुशासन केवल शब्द न रहे, हमें इसे चरितार्थ करके दिखाना है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकल्प पत्र क्रियान्वयन के संबंध में दिए निर्देश

भोपाल 14 दिसम्बर 2023/ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार कर जनता की जिन्दगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जन-सामान्य ने अपना विश्वास व्यक्त किया है, उनके नेतृत्व में विकास की प्रक्रिया जारी है। विकास और जनकल्याण के लक्ष्य को संकल्प पत्र-2023 के अनुरूप धरातल पर उतारना हमारा उद्देश्य है। सभी विभाग संकल्प पत्र के सभी वादों, संकल्पों और घोषणाओं की पूर्ति का काम मिशन मोड में आरंभ कर समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नवगठित सरकार के संकल्प पत्र के बारे में मार्गदर्शन के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष और विभिन्न निगम मंडलों के महाप्रबंधक उपस्थित थे।

त्वरित, पारदर्शी, उत्तरदायी और संवेदनशील शासन व्यवस्था प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित की जाए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण में किया जाए। सरकार के लिए सुशासन सर्वोपरि है। विकास और जनकल्याण के लक्ष्यों को सुशासन के बल पर ही प्राप्त किया जा सकता है। त्वरित, पारदर्शी, उत्तरदायी और संवेदनशील शासन व्यवस्था प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित की जाए। सुशासन केवल शब्द न रहे, हमें इसे चरितार्थ करके दिखाना है।

दस प्रमुख भाग हैं संकल्प पत्र के

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प पत्र के दस प्रमुख भाग हैं। जिनमें सशक्त नारी, समृद्ध किसान, जनजातीय कल्याण, उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा, सबका साथ-सबका विकास, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, स्वस्थ प्रदेश, प्रगतिशील अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास, सुशासन एवं कानून व्यवस्था तथा सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन शामिल हैं। यह संकल्प पत्र ही सरकार का अगले पांच साल का विजन डाक्यूमेंट है। सभी विभाग, उनसे संबंधित विषयों के क्रियान्वयन में तत्काल कार्रवाई आरंभ करें।

संकल्पों के क्रियान्वयन में विलंब न हो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिन संकल्पों का संबंध एक से अधिक विभागों से है, उनके संबंध में दोनों विभाग आपसी तालमेल से काम करें। जिन संकल्पों के क्रियान्वयन के संबंध में किसी प्रकार का वित्तीय भार न हो अथवा वित्तीय संसाधन पूर्व से उपलब्ध हों या किसी प्रकार का नया नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता न हो, ऐसे प्रकरणों में सक्षम अनुमोदन लेकर तत्काल आदेश जारी किए जाएं। जिन संकल्पों के क्रियान्वयन में पृथक से बजट प्रावधान की आवश्यकता हो, उस संबंध में तत्काल वित्त विभाग से चर्चा कर आवश्यक बजट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कठिनाई आने पर मुख्य सचिव से तत्काल समन्वय सुनिश्चित करें। जिन संकल्पों के क्रियान्वयन में नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता हो या विद्यमान प्रक्रिया में कोई संशोधन किया जाना हो, ऐसे प्रकरणों को शीघ्र-अतिशीघ्र केबिनेट के समक्ष स्वीकृति केलिए लाया जाए।

मुख्य सचिव द्वारा की जाएगी क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प पत्र-2023 की घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित मॉनीटरिंग मुख्य सचिव स्तर पर की जाएगी। इसके लिए पृथक पोर्टल भी बनाया जाए और जानकारी के ऑनलाइन फीडिंग, मॉनीटरिंग व रिपोर्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेशवासियों को दी गई गारंटियां शामिल हैं, सभी विभाग प्रमुख इनके क्रियान्वयन को गंभीरता से लेते हुए रोडमैप तैयार कर समय-सीमा में लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संकल्प पत्र में दिए गए बिन्दुओं के क्रियान्वयन और लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ति में यदि कोई समस्या आए तो मुख्यमंत्री स्तर पर तत्काल विषय संज्ञान में लाया जाए।

15 वर्षीय नाबालिग युवती का व्यपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने

वाले आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया

बैतूल, माननीय अनन्य विषेष न्यायालय, (पॉक्सो एक्ट) 2012 बैतूल (म.प्र.), ने 15 वर्षीय नाबालिग युवती का व्यपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी राजकुमार पिता जगराम मर्सकोले, उम्र-25 वर्ष, निवासी-थाना चोपना, जिला-बैतूल (म.प्र.) को दोषी पाते हुए, धारा 376(3) समाहित धारा 376(2)(एन) भादवि एव धारा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5,000रू. का जुर्माना तथा धारा 363 भादवि में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,000रू. के जुर्माने से दण्डित किया गया। प्रकरण में म.प्र. षासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी श्री एस.पी.वर्मा के निर्देषन में वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/अनन्य विषेष लोक अभियोजक श्री ओमप्रकाष सूर्यवंषी एवं वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती वंदना षिवहरे द्वारा पैरवी की गयी। घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 16-09-2020 को पीड़िता के पिता ने थाना रानीपुर में इस आषय की गुमइंसान रिपोर्ट लेख करायी कि पीड़िता उसकी पुत्री है, दिनांक 15-09-2020 को रात्रि करीब 10:00 बजे वे लोग खाना खाकर घर पर सो गए थे, पीड़िता अपनी मां के साथ सोई हुई थी। रात करीब 11:00 बजे उसकी पत्नी ने उसे उठाया और बताया कि पीड़िता बिस्तर पर नहीं है और घर के पीछे का दरवाजा खुला हुआ है, तो उन्होंने पीड़िता को बाहर जाकर देखा और पूरे गांव तथा रिष्तेदारी में तलाष किया, किंतु पीड़िता का कहीं कुछ पता नहीं चला। पीड़िता के पिता की रिपोर्ट के आधार पर थाना रानीपुर द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर विवेचना की गयी। विवेचना के दौरान पीड़िता को आरोपी राजकुमार के कब्जे से दस्तयाब किया गया, पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया, पीड़िता से पूछताछ कर उसके धारा 164 द.प्र.सं. के कथन कराये गये, साक्षियों के भी कथन लिये गये। घटना स्थल का नक्षा-मौका बनाया गया, पीड़िता की उम्र से संबंधी आवष्यक दस्तावेज प्राप्त किये गये। आरोपी को गिरफ्तार किया गया, उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़िता से पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि आरोपी उसे औब्दुल्लागंज लेकर गया था, औब्दुल्लागंज में आरोपी एक कम्पनी में टाईल्स बनाने का काम करता था, जहां उसे रूम मिला हुआ था, वहां आरोपी ने उसके साथ एक-दो बार गलत काम कर शारीरिक संबंध बनाये थे। पुलिस उसे तथा आरोपी को औब्दुल्लागंज से रानीपुर लेकर आयी थी। अभियोजन का मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित पाकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दंडित किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा-संचार वैन को वर्चुअल रवाना करेंगे

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 16 दिसम्बर को ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ की पांच राज्यों - मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, तेलंगाना राजस्थान और मिजोरम में सूचना- शिक्षा -संचार वैन को वर्चुअल रवाना करेंगे।

सभी राज्य प्रभारियों को अपने-अपने राज्यों में उपयुक्त स्थान चयन करने और प्रधानमंत्री कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिये टू-वे-लिंक उपलब्ध कराया जायेगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के उददेश्यों को जन-जन तक ले जाने के लिये विशेष रूप से डिजाइन की गई 366 आईईसी वेन उपलब्ध कराई गई है। ये वैन नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जायेंगी और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें आडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पेम्फलेट, बुकलेट उपलब्ध रहेगी जो केन्द्र सरकार की जन हितैषी योजनाओं की जानकारी देंगी। इन आईईसी वैन का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्वागत होगा। प्रधानमंत्री जी का संदेश प्रसारित किया जायेगा। संकल्प वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन होगा। फिल्म का प्रदर्शन होगा।

इसके साथ ही ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷ कार्यक्रम में योजनाओं के लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख होगा। वे अपने अनुभव सुनायेंगे और इस प्रकार योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारी की गई हैं। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 दिसम्बर को सभी जिलों के जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे।



स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक मोहित पंवार द्वारा ज़ेयन ऑफसेट वर्क्स, 3, अहाता मनकशां, पुल बोगदा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं मालवीय वार्ड खंजनपुर बैतूल से प्रकाशित। दूरभाषः 07141355764 संपादक मोहित पंवारः 7000979119